Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to include Painganga river in Wainganga-Painganga river project.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): सभापति महोदय, हमारे महाराष्ट्र के बुलढाणा, वासीम, यवतमाल, वर्धा, अमरावती और अकोला ऐसे जिले हैं, जो किसानों की आत्महत्या से ग्रस्त होने के नाम से पूरे देश और दुनिया में जाने जाते हैं ।

सभापति महोदय, इसकी जो जड़ है, वह यह है कि वहाँ के किसानों को उनके खेत की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलता है । वहाँ पीने के पानी की भी बहुत सारी दिक्कतें आती हैं । अभी भारत सरकार के माध्यम से नदी जोड़ो प्रकल्प का सर्वेक्षण चल रहा है । उसमें वैनगंगा से नलगंगा के सर्वेक्षण की भी मंजूरी दी गई है ।

महोदय, आपके माध्यम से भारत सरकार से मेरी विनती है कि वैनगंगा से नलगंगा को जोड़ने वाले इस सर्वे में अगर पैनगंगा को भी जोड़ दिया जाता है तो उससे बुलढाणा, यवतमाल और वर्धा के किसानों को भी फायदा होगा । वहाँ पर पीने के पानी की जो दिक्कत होती है, उससे भी लोगों को छुटकारा मिलेगा ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि इस वैनगंगा और नलगंगा सर्वे में पैनगंगा को भी जोड़ने का काम भारत सरकार करे ।